GM Glass Works No. 2:
(A Company Profile)

अखिल भारतीय काँच उत्पादक महासंघ (The All India Glass Manufacutrer Federation) अपने संघ को संघठित करने तथा काँच उत्पादन व उपयोग में नवीनतम प्रोद्यौगिकी के प्रयोग व उसकी उपादेयता के लिये जागरुकता पैदा करने के लिये सतत् प्रयत्नशील है। AIGMF के इस जागरुकता अभियान में उनकी 'काँच KANCH' पत्रिका अभूतपूर्व योगदान दे रही है। इस पत्रिका का कलेवर भी नितनूतन व परिपक्व होता जा रहा है। AIGMF को संगठित करने तथा 'काँच' पत्रिका को अन्तराष्ट्रिय मानदण्ड़ों पर लाने के समायोजित प्रयास स्वरुप उन्होंने इस पत्रिका के प्रत्येक अंक में Company Profile शीर्षक के अन्तर्गत उनकी सदस्य कम्पनियों के बारे में सूचनात्मक समग्री के प्रकाशन का निर्णय लिया है।

फिरोजाबाद, भारत वर्ष के उत्तर प्रदेश का वह विख्यात शहर है, जो शताब्दियों से सैंकड़ों सूक्ष्म, लघु व मध्यम काँच उद्योगों द्वारा अति संख्य कलात्मक व औद्योगिक और दैनिक उपयोग में आने वाली काँच की बहुमूल्य वस्तुओं का उत्पादन कर रहा है। फिरोजाबाद काँच उद्योगों द्वारा उत्पादित काँच की वस्तुओं का व्यापार देश व विदेश में फैला हुआ है। इसके तथा इसके पड़ोसी शहरों के हजारों परिवार काँच उत्पादन व व्यापार में लगे हुए है।

फिरोजाबाद के श्री दीपक गुप्ता जी इसी पृष्ठ भूमि के एक युवा, कर्मठ तथा प्रगतिशील व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति हैं। इन्होंने अपनी प्रगतिशील विचारधारा के अनुरुप AIGMF के उपरोक्त निर्णय का स्वागत करते हुए सर्वप्रथम अपनी कम्पनी ''गिरधारी लाल मनोहर लाल ग्लास वर्क्स न. 2'' (G.M. Glass Works No.2) को AIGMF का सदस्य बनाया। तदपुरान्त अपनी कम्पनी का देश–विदेश में नाम रोशन करने के लिए कम्पनी के बारे में 'काँच' पत्रिका के Company Profile शीर्षक के अन्तर्गत सूचनात्मक लेख छपवाने का निर्णय लिया।

जी एम ग्लास वर्क्स के निदेशक मण्डल के सभी सदस्य (Partners) श्री दीपक गुप्ता, श्री मनीष बंसल व श्री मोहित बन्सल अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि से पाँच दशकों से काँच उद्योग में उत्पादन व व्यापार से जुड़े हुए हैं। इनको काँच उत्पादन व व्यापार

AIGMF Team का GM Glass Works No. 2 ईकाई का भ्रमणः डा. देवेन्द्र कुमार, सिरामिक अभियान्त्रिकी विभाग प्रोद्योगिक संस्थान, काशी हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी, श्री दीपक गुप्ता, पार्टनर GM Glass Works No. 2 एवं श्री मनोहर लाल, सचिव AIGMF प्रमुख संचालक GM Glass Works No. 2 के संग



का प्रचुर अनुभव है। ये सभी उन उद्यमियों में से है, जो अपने काँच उत्पादन व व्यापार के अनुभवों के आधार पर, समय को देखते हुए फिरोजाबाद काँच उद्योग को प्रगति की ओर ले जाने के सपने को साकार करने के लिये उत्साहित है। इन्ही के यह साहसिक व सहयोगी प्रयास के फलस्वरूप जी एम ग्लास वर्क्स काँच की पेकेजिग बोतलों के उत्पादक के रूप में एक नवीन कलेवर में स्थापित हो रहा है।

भारत सरकार ने पर्यावरण रक्षा व प्राकृतिक उर्जा के समुचित प्रयोग के दृष्टिकोण के अन्तर्गत फिरोजाबाद की सूक्ष्म लघु व मध्यम काँच उत्पादक इकाइयों को ईधन रूप में प्राकृतिक गैस को सस्ते दर पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया था। गैस अथारटी आफ इण्डिया (GAIL गेल) इन काँच उत्पादक इकाइयों को लगभग 15 वर्षो से ईधन के लिये प्राकृतिक गैस उपलब्ध करा रहा है। प्राकृतिक गैस की उपलब्धता से न केवल पर्यावरण की रक्षा हो रही है, बल्कि यहाँ के उद्यमियों का मनोबल बढ़ा है। परस्पर अनुभवों का उपयोग करते हुए वे प्रगति के पथ पर अग्रसर हुए हैं। गेल द्वारा आवश्यकतानुसार गैस उपलब्ध कराने पर ही यह लोग GM Glass Works No. 2 का प्लांट लगाने में सक्षम हो पाये। यह बताया गया कि पिछले एक दशक से कम समय में लगभग 17 उद्योगों को अपनी पाट भट्टी आधारित काँच उत्पादक इकाइयों को बन्दकर 80–150 टन प्रतिदिन काँच उत्पादन क्षमता पर आधारित टैंक भट्टियों की स्थापना कर चुके है। अधिक उत्पादन क्षमता वाली काँच टैंक भट्ठियों की स्थापना के कारण काँच निर्माण के कार्य का मशीनीकरण भी हो रहा है।

'काँच' पत्रिका के जुलाई–सितम्बर 2011 के अंक में मेरा सन् 2008 में फिरोजाबाद काँच उद्योग के भ्रमण पर आधारित लेख 'लघु तथा माध्यम काँच उद्योग में प्रोद्योगिकी, उद्यमिता व कला का समायोजन' में फिरोजाबाद काँच उद्योग कतिपय पहलुओं को उजागर किया था। काँच उत्पादन में मशीनों के प्रयोग से मानवीय कला का उपयोग घट जाता है। मानवीय कला का उपयोग निरीक्षण तथा निरीक्षण परिणामों के उपयुक्त सही समय पर सही निर्णय लेने के लिये होता है। फिरोजाबाद के काँच उद्यमी सामान्यता उद्योग में भट्टी तथा मशीनरी की स्थापना व संचालन प्रक्रियाओं के निधारण के लिये, रिफ्रेक्टरी तथा अन्य उपकरणों के सप्लायर व सलाहकारों की मदद से करते है। निर्धारित मापदण्डों पर उद्योग का संचालन डिप्लोमा डिग्री धारक या अनुभवी प्लान्ट मैनेजरों के निगरानी में इन्ही मानव कामगारों द्वारा करवाया जाता है। भट्टी से काँच गाव के रुप में निकलने के पश्चात हर स्तर पर काँच का रिजेक्शन होता है जिसका निर्णय इन कामगारों को करना पड़ता है।

यह एक अच्छा समय था जब हम जी एम ग्लास वर्क्स भ्रमण के लिए पहुचे थे तथा यह अपनी स्थापना के अन्तिम चरण में था भट्टी बन चुकी थी। भट्टी को ईधन सप्लाई, चिमनी रिजनरेटर्स कार्य पूरा हो चुका था। बैच हाउस के साइलो, तोल मशीन के साथ कन्वेयर बैल्ट तथा मिक्सर स्थापित हो चुके थे। बघार या कलेट परिशोधन का संयन्त्र स्थापना के अन्तिम चरण में था। इस उद्योग की भट्टी की निर्माण क्षमता लगभग 150 टन काँच बोतल प्रतिदिन की होगी। विभिन्न आकारों तथा रुपों के लिये पाँच IS मशीन

लगाई जा रही थी जिसमें कुछ लग चुकी थी तथा परीक्षण के दौर से गुजर रही थी, एक मशीन लगाना बाकी थी। मोल्ड रिकवरी के लिये वर्कशाप तैयार था तथा एनीलिग लेयर भी तैयार थी।

उद्योग को बिना रुकावट के संचालन के लिये अबाध विधुत आपूर्ति बनाये रखना आवश्यक होता है। विधुत आपूर्ति बनाये रखने के लिए गैस आधारित आयतित जनरेटर स्थापित हो चुका था। यह आशा की जाती है कि GM Glass Works No.2 अपने टारगेट समय के समीप ही अपनी उत्पादन प्रारम्भ कर देगी।

इसके निदेशक मंडल के सदस्यों को काँच उत्पादन तथा व्यापार का लम्बा अनुभव है। इनकी अनेक सहयोगी कम्पनियाँ है–

1. हाईलाइट ग्लास प्रा. लि.
2. ओ के ग्लास इण्डस्ट्रीज़
3. पाइनियर ग्लास वर्क्स
4. आलोक ग्लास वर्क्स
5. सी ए ग्लास वर्क्स
6. हरिओम ग्लास वर्क्स
7. एस एल ग्लास वर्क्स
8. इम्पीरियल ग्लास इम्पोरियम

जो विभिन्न प्रकार के काँच उत्पादों जैसे हेडलाइट, टम्बलर, रिफिल इत्यादि, जिनकी सयुक्त उत्पादन क्षमता लगभग 200 मी. टन तथा जिनका टर्न ओवर लगभग 200 करोड़ रु. है जिसमें 20 करोड़ का निर्यात शामिल है। इनके सहकारी प्रयास व लम्बे अनुभव से ये अपने उत्पादन व व्यापर क्षमता में 150 टन बोतलों के उत्पादनों को जोड़कर एक छलाँग लगा रहे है। देश में उद्योगपति, व्यापार व अर्थिक सलाहकार, और सरकार औद्योगिक उत्पादक क्षमताओं के विकास के लिये अत्यन्त चिन्तित है। वर्तमान नकारात्मक परिस्थितियों तथा प्रतिस्पर्धा के समय में लगन व मेहनत से सकारात्मक सोच से कार्य करना, तथा AIGMF व 'काँच' पत्रिका के माध्यम से राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय मंच पर आने का प्रयास एक अत्यन्त सराहनीय कार्य है।

GM ग्लास वर्क्स के निदेशक मण्डल से गुणवत्ता (Quality) पर्यावरण रक्षा व स्थायित्व (Sustainability) पर भी वार्तालाप हुआ। कम्पनी की प्राथमिकता या वीजन Q.C.D.D.B. है–

- Q- Quality
- C- Cost
- D- Delivery
- D- Development
- B- Behaviour

गुणवत्ता व पर्यावरणीय दृष्टिकोण इनकी वैबसाइट पर उपलब्ध है। इस कम्पनी के बारे में अधिक जानकारी इनकी वेबसाइट www.gmglassindia.com पर उपलब्ध है।

नोट– यह लेख उपलब्ध या प्रदान की गयी सूचनाओं पर आधारित है। कम्पनी के बारे में अनुमान स्वयं सूचनाओं एकत्र कर लगाये लेखक, काँच पत्रिका, AIGMF, गिरधारी लाल मनोहर लाल ग्लास वर्क्स न.2 या उनकी सहयोगी कम्पनियों के कार्यों के लिये उत्तरदायी नहीं है।

(श्री दीपक गुप्ता ने AIGMF, को सूचित किया कि Glass Works No.2 की उत्पादन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई हैं।)

AIGMF Welcomes its New Member

S. No.	Company Name and Address	Product/services	Approved by
Ordinary Member			
1.	M/s Girdharilal Manoharlal Glass Works No.2 **Contact:** Mr. Deepak Gupta Agra Road, Firozabad - 283203 Uttar Pradesh, INDIA Tel : +91-9837035421, 05612-203217 E : gm_glass3@yahoo.in / info@gmglassindia.com/ sales@gmglassindia.com	Container Glass	UP Glass Manufacturers' Syndicate (UPGMS)